तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 22 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 विकास कार्यों में गुणवत्ता से न करें समझौता निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं : पोयाम



## खबर संक्षेप

### नगर पालिका के नवनियुक्त एल्डरमेन का शपथ समारोह आज

**चांपा।** स्थानीय नगर पालिका परिषद के नवनियुक्त 5 एल्डरमेन (मनोनीत पार्षदों) का शपथ ग्रहण समारोहह बुधवार 22 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से गौरव पथ स्थित नगर पालिका कार्यालय के भवन के प्रथम तल पर स्थित सभाकक्ष में आहूत किया गया है। यह जानकारी देते हुए पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने बताया कि एल्डरमेन को शपथ ग्रहण एसडीएम पवन कोसमा कराएंगे। इस दौरान पालिका के नवनियुक्ति एल्डरमेन पवन पाठक, सुश्री श्वेता श्रीवास, सुधीर गर्ग, महाराजा सीताराम गुहा तथा गौतम यादव शपथ लेंगे। समारोह में आमंत्रितों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक गुरूवार 23 जुलाई को दोपहर 11.30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### आईटीआई बलौदा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 24 तक

**जांजगीर-चांपा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) के एन.सी.व्ही.टी. व्यवसायों विद्युतकार, फिटर, टर्नर, मैकेनिक डीजल और वेल्डर के रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिये पूनः ऑनलाइन आवेदन 24 जुलाई रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित किया गया हैं। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा ने बताया कि प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट का आवलोकन कर निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लेवे। अन्य किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर अथवा उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंम्बर पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री आवास योजना, 27 तक कर सकते हैं दावा-आपत्ति

**सक्ती।** मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास सूची वर्ष 2023 में शामिल अपात्र परिवारों की सूची जिले की ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित विशेष ग्रामसभा से अनुमोदन उपरांत जनपद पंचायतों के माध्यम से प्राप्त हुई है। जारी अपात्र सूची में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो वह संबंधित जनपद पंचायत में अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। दावा-आपत्ति 27 जुलाई को अपराह्न 5 बजे तक कार्यालयीन समय में संबंधित जनपद पंचायत में उपस्थित होकर लिखित रूप से जमा की जा सकती है।

### आईटीआई हसौद में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कल तक

**हसौद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई हसौद में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए चौथे चरण के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 17 से 24 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह प्रक्रिया राज्य के रोजगार एवं प्रशिक्षण संचालनालय द्वारा जारी प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जा रही है। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को अब तक प्रवेश नहीं मिल पाया है या जो रिक्त सीटों पर प्रवेश लेना चाहते हैं, वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि के बाद 25 जुलाई को एनआईसी द्वारा मेरिट सूची जारी की जाएगी। अभ्यर्थी शासकीय आईटीआई हसौद से संपर्क कर सकते हैं।

## शहरी क्षेत्र में बदहाल ड्रेनेज सिस्टम ने बढ़ाई परेशानी

# बारिश की झड़ी से हर ओर पानी ही पानी, नालों का बढ़ा जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में बीते 24 घंटे से बारिश की झड़ी लग गई है। लगातार हो रही तेज बारिश से हर ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। शहरी क्षेत्रों में जहां ड्रेनेज सिस्टम की बदहाली के कारण मोहल्लों में पानी जमा हो गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की गलियां भी कीचड़ और पानी से सराबोर हो गई है। इधर नालों का जल स्तर बढने से पानी पुल से ऊपर चलने लगा है।

बरसात ने शहर समेत पूरे अंचल को तरबतर कर दिया है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र भी हर ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। बारिश के कारण जिला मुख्यालय जांजगीर में ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई है। बरसाती पानी का जमावड़ा गली मोहल्लों में हो रहा है। बरसात पूर्व निकासी व्यवस्था सुधार कार्य को लेकर नगरीय प्रशासन के द्वारा पालिका परिषद को निर्देश भी जारी किया गया था। बावजूद इसके समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण बरसात का पानी शहर के मोहल्लों एवं घरों में घुस रहा है। शहर के



बेलारी-कचंदा पुल पर चल रहा पानी।



बीडी महंत उपनगर , शंकर विहार कालोनी, बीटीआई चौक, चंदनियापारा, सारथी मोहल्ला, रविदास चौक सहित कई मोहल्लों में सड़क और नालियां पाटो पाट बहने लगी। गली मोहल्लों में घुटने भर से अधिक पानी बहने से लोगों के घरों में भी बरसात का पानी भर गया। इसके अलावा 24 घंटे से हो रही बारिश का असर ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। बरसात के चलते कुकदा रिंगनी नाला, कंजीनाला, बेलारी नाला, जमड़ी नाला समेत अन्य जगहों पर बारिश के चलते लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो रहा है। जिसके चलते इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग मजबूरन अतिरिक्त दूरी तय कर आना जाना कर रहे है। बरसात के चलते सक्ती जिले के जैजैपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ओडेकेरा में तो सड़क के ऊपर से पानी निकल रहा है। ऐसे में लोगों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। 24 घंटे से हो रही बारिश का असर स्कूलों में भी पड़ा है। ज्यादातर स्कूलों में बारिश के चलते पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हुई है।

### घरों से भी नहीं निकल पा रहे लोग

जांजगीर एवं सक्ती जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिसके कारण लोग घर से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। सोमवार 20 जुलाई की शाम से जारी बरसात मंगलवार 21 जुलाई देर रात तक जारी रही लगातार हो रही बारिश के कारण जहां एक और खेती किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है। वही शहरी क्षेत्र में रहने वाले व्यापारियों पर बरसात का असर देखने को मिल रहा है।

### अकलतरा क्षेत्र में सर्वाधिक बारिश

जिले में 1 जून से लेकर 21 जुलाई तक 4608.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अकलतरा तहसील में सर्वाधिक 708.5 मिमी वर्षा हुई है। इसी तरह तहसील जांजगीर में 506.8 मिमी, बलौदा में 484.9 मिमी, नवागढ़ में 576.7 मिमी, पामगढ़ में 574.4 मिमी, चांपा में 372. 5 मिमी, शिवरीनारायण में 549.8 मिमी, बम्हनीडीह में 453.1 मिमी और सारागांव तहसील में 381.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## कार लूटने किया ड्राइवर का मर्डर आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार लूटकर बेचने के लिए षडयंत्रपूर्वक तीन लोगों ने मिलकर ड्राइवर की हत्या कर दी। मामले में आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। फैसला प्रधान सेशन जज जयदीप गर्ग ने सुनाया है।

इस संबंध में अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम लटिया निवासी राहुल श्रीवास, तरौद निवासी सोमप्रभात साहू और विवेक पुरी गोस्वामी ने कार लूटकर बेचने की योजना बनाई। योजना के तहत उन्होंने किराए पर चलने वाली स्वीफ्ट डिजायर कार की कोटमीसोनार से अमरकंटक जाने के लिए बुकिंग कराई। कार का ड्राइवर रमाकांत तिवारी 13 अप्रैल 2024 की रात कार लेकर कोटमीसोनार के लिए निकला। अगले दिन कार अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी बरबसपुर के पास लावारिस हालत में मिली। मौके पर ड्राइवर नहीं था और गाड़ी में खून लगा हुआ था। कार के मालिक ने घटना की सूचना अकलतरा थाना में दी। पुलिस ने जांच शुरू की तो ड्राइवर रमाकांत तिवारी की लाश सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम लखुर्री में नहर किनारे मिली। पुलिस ने कार बुकिंग कराने वाले तीनों व्यक्ति की तलाश शुरू की। खोजबीन करने के बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में तीनों ने कार लूटकर बेचने की नीयत से ड्राइवर की हत्या करने की बात कबूल की। पुलिस ने धारा 302, 201, 397 के तहत तीनों को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रधान सेशन जज जांजगीर जयदीप गर्ग ने प्रकरण की सुनवाई की। न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर तीनों को आपराधिक षडयंत्र रचकर हत्या करने का दोषी पाया। मामले में ग्राम लटिया निवासी 21 वर्षीय राहुल श्रीवास, ग्राम तरौद निवासी 20 वर्षीय सोमप्रभात साहू, 21 वर्षीय विवेक पुरी गोस्वामी को भादंवि की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 397/120 के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 364 के लिए आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 201 के लिए आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं करने पर 6-6 माह सश्रम कारावास भुगताने का दंडादेश जारी किया गया है। अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने की।

## आरकेएम पॉवर प्लांट के कर्मचारी की मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन



गेट के बाहर प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

उच्चपिण्डा स्थित आरकेएम पावर प्लांट के कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगडने के बाद मौत हो गई। नाराज परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर प्लांट के मेन गेट के सामने शव रखकर दिन भर प्रदर्शन किया।

आरकेएम पॉवर प्लांट में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत धोबनीपाली निवासी सर्विल बघेल सोमवार 20 जुलाई को बी शिफ्ट में डयूटी गया था। ड्यूटी के दौरान रात्रि लगभग 8 बजे उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई। उपचार के लिए तत्काल जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में मृत्यु हो गई। अस्पताल के चिकित्सकों ने प्रारंभिक तौर पर मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया है। इधर घटना के बाद मृतक का शव मंगलवार 21 जुलाई की सुबह करीब 8:30 बजे पहुंची। घटना से आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की मांग को लेकर मृतक के शव को आरकेएम पावर प्लांट के गेट क्रमांक-1 में सुबह से गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। परिजनों को समझाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन वे अपनी मांग पर डटे रहे। इसके बाद मृतक के परिजनों और कंपनी प्रबंधन के बीच प्लांट के मीटिंग हॉल में बैठक की गई। बैठक के दौरान प्लांट प्रबंधन द्वारा 15 लाख मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद शाम 5 बजे प्रदर्शन समाप्त हुआ।

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने संग्राम को किया जिला बदर

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर संग्राम सिंह रात्रे को जिला बदर किया है। जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों एवं निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए संग्राम सिंह रात्रे पिता विष्णु प्रसाद रात्रे साकिन खिसोरा थाना बलौदा को जांजगीर-चांपा जिला एवं सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, बालौदा बाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 1 वर्ष की कालावधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है।

## लीलागर पुल पर मरम्मत कार्य बंद, राहगीरों को आवागमन में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला

लीलागर पुल पर मरम्मत कार्य दो दिनों से बंद पड़ा हुआ है। वहीं 31 जुलाई तक आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिसके कारण बिलासपुर आने जाने के लिए लोगों

- 20 से 22 किमी अतिरिक्त दूरी तय कर बिलासपुर जाने की मजबूरी

को मजबूरन 20 से 22 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

ज्ञात हो कि ग्राम कुटी घाट से बहने वाली लीलाधर नदी के पुल में पिछले दिनों 3 फीट पानी ऊपर आने से जो पुल की रेलिंग व ऊपर की परतें उखड़ गई थी, जिसे सिर्फ रिपेयरिंग करने के नाम पर प्रशासन द्वारा पीडब्ल्यूडी द्वारा 31 तारीख तक का समय मांगा गया है। अभी 10 दिनों तक इस तरह की समस्या बनी रहेगी। बताया जाता है कि 3 दिन से 4 दिन से ज्यादा का कार्य नहीं है। जिस प्रकार से उनकी कार्य प्रणाली चल रही है ऊपर के जो उखड़े हुए डामर के परतों को महज 4 से 6 महिलाओं को उखाड़ने के लिए छिनी हथोड़ी से काम करवाया जा रहा है। मशीन द्वारा महज 1 दिन उखाडा जा सकता है। उसके ऊपर सीमेंट कंक्रीट की स्लेव ढलाई की जा रही है जो सिर्फ 4 इंच या 5 इंच मोटी है। जिस मसाले को हाथ से मिलाया जा रहा है। कोई मिक्स मिक्सर मसाला मिलने की मशीन नहीं है। यह सिर्फ प्रशासन द्वारा लीपा पोती का काम किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की जनता में आक्रोश है। जिस हिसाब से लंबा समय लिया गया है। क्षेत्र की जनता को 20 से 22 किलोमीटर घूम कर बिलासपुर के लिए जाना पड़ रहा है, उस हिसाब से मजबूती के साथ कार्य नहीं चल रही न हो रहा है। इस दौरान चार दिनों में सिर्फ कुछ जगह को उखाड़ा गया है एवं थोड़ी सी परत सीमेंट क्रांकीट की बिछाई गई है। देखा जाए तो सड़क निर्माण धीमती गति से हो रहा है।



लीलागर पुल पर चल रहा मरम्मत कार्य।

## महिला ने घर में लगाई आग, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

घर में आग लगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के अंधियारीपाठ का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रूपेश कुमार सारथी, निवासी अंधियारीपाठ, अकलतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 जुलाई की रात्रि लगभग 11:45 बजे वह अपने भतीजे ईशान के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान घर की छत में आग लग गई। नींद खुलने पर वह बाहर निकला तो उसने पड़ोस की अनिता यादव को हाथ में जलती हुई लकड़ी लिए देखा, जो उसे देखकर अपने घर की ओर चली गई। प्रार्थी ने अपने भतीजे के साथ मिलकर पानी से आग बुझाई। इसके बाद अपने मित्र आकाश को बुलाकर आरोपी महिला के घर पहुंचा और आग लगाने के संबंध में पूछताछ की। आग लगने से घर में रखी कुर्सी, कपड़े, तिरपाल एवं लकड़ी सहित करीब 5 हजार रुपये की संपत्ति जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। रिपोर्ट के आधार पर अकलतरा थाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने गवाहों के बयान दर्ज किए, मौका नक्शा एवं नुकसानी पंचनामा तैयार किया। विवेचना में आरोपी महिला की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस ने उसके निवास पर दबिश देकर हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी अनिता यादव 47 वर्ष पति सतीश यादव निवासी अंधियारीपाठ, वार्ड क्रमांक 19, अकलतरा ने घटना करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अंगीठी को गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### अप्रवासी एवं बाहरी लोगों के संबंध में संचालकों की बैठक लेकर एसपी ने दिए निर्देश

## होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का वैध पहचान पत्र अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होटल एवं लाज में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का वैध पहचान पत्र अनिवार्य है। पहचान पत्र लेकर उसका सत्यापन जरूरी है। इसे लेकर पुलिस कप्तान ने होटल एवं लाज संचालकों को सख्त हिदायत दी।

ज्ञात हो कि मंगलवार 21 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने एसपी कार्यालय जांजगीर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम 94791-93199 या टोल-फ्री नंबर 1800 233 1905 में देने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार 21 जुलाई को पुलिस कार्यालय जांजगीर के सभा कक्ष में जिले के होटल व लॉज संचालकों की बैठक ली। बैठक में जिले में ठहरने वाले अप्रवासियों एवं बाहरी व्यक्तियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने होटल संचालकों से कहा कि होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करें तथा उनका पूरा विवरण होटल रजिस्टर में दर्ज करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल में ठहरता है या किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है, तो इसकी सूचना बिना विलंब संबंधित थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें।बैठक में होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि अप्रवासियों एवं बाहरी व्यक्तियों के ठहरने की जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी बनी रहे। होटल संचालकों का सहयोग अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी होटल संचालकों से पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। बैठक में अकलतरा एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी, डीएसपी अजाक सतरूपा तारम, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे सहित जिले के होटल, लॉज संचालक उपस्थित रहे।



होटल संचालकों की बैठक लेते पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय।

## शराब पीकर वाहन चलाने की सजा, एक महीने तक सिटी कोतवाली की करनी होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब पीकर वाहन चलाने पर एक वाहन चालक को अनोखी सजा सुनाई गई है। जिसके तहत वाहन चलाने वाले को एक महीने तक सिटी कोतवाली जांजगीर की सफाई करनी होगी।

मिली जानकारी के अनुसार यातायात जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा वाहन चालक स्वदेश यादव निवासी पाण्डेय नगर जांजगीर को शराब सेवन की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़ा था। जिसके बाद वाहन को जप्त करते हुए उनके विरुद्ध धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रकरण पेश किया गया था। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा शराबी वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वाहन चालक स्वदेश यादव उम्र 38 साल को शराब सेवन कर वाहन चलाते पकड़ा गया था जिसके विरुद्ध धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया गया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय जांजगीर द्वारा सड़क सुरक्षा एवं जन जागरूकता को प्राथमिकता



## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में विशिष्टा को मिला प्रथम स्थान

**कोरबा।** दस वर्षीय प्रतिभाशाली कत्थक नृत्यांगना विशिष्टा श्रीवास्तव ने अखिल नटराजन अंतर सांस्कृतिक संघ इंडिया द्वारा आयोजित वर्ल्ड परफार्मिंग आर्ट कांटेस्ट में कत्थक शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय स्तर में का मान बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित की गई थी। जिसमें प्रतियोगिता की प्रस्तुति 7 जून को की गई। जिसमें विशिष्टा ने अपनी प्रस्तुति भाव भंगीमाओ और कत्थक की प्रभावशाली अभिव्यक्ति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही की प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाली विशिष्टा श्रीवास्तव एकमात्र प्रतिभागी थी।

### वांगचुक के समर्थन में किया गया अनशन



**कोरबा।** सोनम वांगचुक द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर किए जा रहे आंदोलन के समर्थन में आवाज फाउंडेशन द्वारा सोमवार को एक दिवसीय अनशन किया किया गया। फाउंडेशन ने कहा कि सोनम वांगचुक का संघर्ष उन लाखों विद्यार्थियों और युवाओं का संघर्ष है, जिनका भविष्य पेपर लीक व प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के कारण प्रभावित होता है। यह शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्रों के भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण जनहित का मुद्दा है। जिसके समर्थन में सुबह 9 बजे से सुभाष चौक निहारिका में एक दिवसीय अनशन शुरू किया गया। अब्दुल नफीस खान, सत्येंद्र यादव, सुरेश जैन, भानु चंद्रा, लम्बोदर भट्ट, मनोज राज, विजय साहू, रमेश श्रीवास, विजय नायक, रमजान खान व नरेंद्र सहभागी के रूप में अनशन पर बैठे।

### वनांचल क्षेत्र पहुंचकर पहाड़ी कोरवाओं को छाता व कपड़े दिए गए भेंट



**कोरबा।** रविवार को संवेदना परिवार के सदस्य सुदूर वनांचल क्षेत्र देवपहरी पंचायत के गांव हरदीमहुवा के पहाड़ी कोरवा परिवारों के बीच पहुंचे जहां उनके द्वारा पहाड़ी कोरवाओं को कपड़े, छाता, बच्चों को बिस्किट, केक और चाकलेट आदि दिए गए। इस अवसर पर लेमरू के थाना प्रभारी सुमन पोया और वहां के भाजपा के मंडल प्रभारी हरि शंकर का सहयोग मिला। इस नेक कार्य में साथ देने के लिए संवेदना परिवार के वरिष्ठ सुनील वर्मा और देवा बंजारे और रविकान्त, प्रवीण, नीलम, विनिशा क्लॉक, मनीषा यादव, निशा यादव, कृतिशा नायर और श्रीजीत नायर का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिलेश्वर उपाधाये, शोभा चौहान, चट्टान सिंह, श्वेता, भोला यादव और छाता की व्यवस्था आभा नामदेव, पल्लवी मिश्रा, शांति ग़ढेवाल, प्रीति उरांव, खुशबु शर्मा, सविता, क्रांति चंद्रा इन सभी का सहयोग मिला।

### मूलभूत की राशि में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया जनपद सदस्य ने

**कोरबा।** ग्राम पंचायत तिलकेजा में मूलभूत की राशि में वित्तीय गड़बड़ी का मुद्दा उठाते जनपद सदस्य ने हुए इस मामले की शिकायत कलेक्टर से करते हुए पूर्व सरपंच के विरुद्ध जांच टीम गठित कर कार्यवाही करने की मांग की है एवं शिकायत की कॉपी जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी सौंपी है। जनदर्शन में की गई शिकायत में जनपद सदस्य किशन लाल कोसले ने पूर्व सरपंच कुल सिंह कंवर पर वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बताया कि उनके द्वारा 14वें व 15वें वित्त की मूलभूत की राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। शिकायत के अनुसार वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक ग्राम पंचायत को 14वें एवं 15वें वित्त सहित विभिन्न मदों में करीब 2 करोड़ 58 लाख 22 हजार 790 रुपये प्राप्त हुए। आरोप है कि इस राशि का बड़ा हिस्सा विकास कार्यों में खर्च नहीं किया गया। जनपद सदस्य ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। शिकायत की प्रतिलिपि जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को भी भेजी गई है।

# नाबालिग की हो रही थी शादी, बारात पहुंचते ही टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के चिमनीभठा वार्ड क्रमांक-14 में नाबालिग जोड़े की शादी की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग और मानिकपुर चौकी पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर बाल विवाह रुकवा दिया। शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, मंडप सज चुका था और बारात भी गाजे-बाजे के साथ पहुंच गई थी।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक-14 की एक ही बस्ती में रहने वाली 13 वर्षीय नाबालिग लड़की और 15 वर्षीय लड़के की शादी तय की गई थी। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे और शादी की जिद कर रहे थे। इसी कारण दोनों परिवारों ने सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कराने का फैसला लिया था। शादी की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम और मानिकपुर चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। टीम को देखकर कार्यक्रम स्थल पर हड़कंप मच गया। शादी में शामिल मेहमान और परिजन भी घबरा गए। महिला एवं बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज के नेतृत्व में टीम ने दोनों परिवारों को बाल विवाह निषेध कानून और इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कराना कानूनन अपराध है। अधिकारियों की समझाइश के बाद दोनों परिवार बाल विवाह रोकने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद नाबालिग दुल्हन को उसके घर और दूल्हे को उसके घर वापस भेज दिया गया। बारात भी बिना शादी के लौट गई। महिला एवं बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज ने बताया कि बाल विवाह की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और विवाह रुकवाया गया। दोनों पक्षों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक और कानूनी अपराध है, इसे किसी भी स्थिति में होने नहीं दिया जाएगा।

**मानिकपुर चौकी क्षेत्र का मामला**

**खास बात**
- महिला बाल विकास विभाग की शहरी परियोजना की टीम के द्वारा दी गई समझाइश



### जिले के दोनों बड़े विकासखंड में प्रतिवर्ष बारिश में आती है बाढ़

# नियंत्रण कक्ष की सुविधा से वंचित हैं बाढ़ प्रभावित संवेदनशील विकासखंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो बड़े विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा और पाली बाढ़ नियंत्रण कक्ष जैसी महत्वपूर्ण सुविधा से जूझते रहते हैं। जबकि ये दोनों विकासखंड बाढ़ प्रभावित मामले में संवेदनशील हैं। एक बड़ी आबादी बाढ़ से इन दोनों विकासखंड की प्रभावित होती है। भारी बारिश से पुल पुलियों के टूटने के कारण दूरस्थ वनांचल लके गांव पहुंचविहिन हो जाते हैं।

प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना जिला मुख्यालय में ही होती है। इस मामले में ब्लॉक मुख्यालय वंचित रह जाते हैं,नाम मात्र के कागजों में ही बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की बात कही जाती है। जहां केवल टेबल कुर्सी ही दिखते हैं कहीं कहीं तो यह भी नजर नहीं आते हैं। सबसे बड़े ब्लॉक होने के बावजूद पाली और पोड़ी उपरोड़ा जैसे विकासखंड में बाढ़ से होने वाली प्राकृतिक आपदा जिले में सबसे अधिक होती है। पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से बारिश से छोटे छोटे नदी नालों में बाढ़ आने के कारण पहुंच मार्ग और छोटी छोटी पुल पुलिया प्रतिवर्ष क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे ग्रामीणों का आना जाना बंद होने के साथ शासकीय सुविधाएं स्वास्थ्य एवं पीडीएस के खाद्य सामग्री का परिवहन नहीं हो पाता। कई बार यह स्थिति होती है कि बाढ़ से घिरे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए जिले से ही बल भेजा जाता है। संसाधन विहिन इन ब्लॉक मुख्यालयों में सर्व सुविधायुक्त बाढ़ नियंत्रण कक्ष का आभाव हमेशा नजर आता है। छोटे से मामले के लिए भी जिला मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ता है।

**खास बात**
- पुल पुलियों के टूटने से दूर दराज के गांव हो जाते हं पहुंचविहीन

**बीते दो वर्षों से दोनों ब्लॉक झेल रहे समस्या**

बारिश की वजह से प्राकृतिक आपदा जैसे समस्या पाली और पोड़ी उपरोड़ा के लोग बीते दो वर्षों से लगातार झेल रहे हैं। चाहे वह आमजन की संपत्ति हो या सड़क और पुलियों का क्षतिग्रस्त का मामला हो या फिर पालतू मवेशियों के बाढ़ में बह जाने का सर्वाधिक नुकसान इन दोनों विकासखंड में होता है। सर्वाधिक मुआवजा राशि भी इन्हीं दोनों विकासखंड में बांटी जाती है। बाढ़ का पानी खेतों में भरने के कारण फसलों का नुकसान भी क्षेत्रीय किसानों को झेलना पड़ता है।

**पोड़ी और पसान में सर्वाधिक वर्षा**

जिले में एक जून से 20 जुलाई तक कुल 381.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले की तहसील कोरबा में 405.5 मिलीमीटर, अजगरबहार 290.6, भैंसमा, 313.4, करतला 251.9, बरपाली 322.8, कटघोरा 402.2, दीपका 409.2, दर्री 477, पाली 473.8, हरदीबाजार 372.2, पोंड़ीउपरोड़ा 437, और पसान तहसील में 426.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

**आपदा प्रबंधन के रिकार्ड में भी संवेदनशील**

प्रशासन में गठित आपदा प्रबंधन विभाग के रिकार्ड में भी पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड को जिले के अन्य विकासखंड करतला, कटघोरा और कोरबा के मुकाबले सर्वाधिक संवेदनशील माना गया है। रिकार्ड के अनुसार क्षतिपूर्ति के सबसे अधिक प्रकरण अभी तक इन्हीं विकासखंड में ज्यादा बने हैं। क्षतिपूर्ति राशि भी इन विकासखंड में ज्यादा वितरित हुई है।

### मुलाकात...



कोरबा। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय सोमवार को अपने कोरबा प्रवास के दौरान कोरबा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों से कॉफी हाउस में अनौपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कोरबा के समुचित विकास को लेकर उपिस्थत पत्रकारों से रायशुमारी की। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि उनकी यह इच्छा है कि कोरबा में एक सर्वसुविधायुक्त कैंसर हॉस्पीटल की स्थापना हो। इस हेतु प्रेस क्लब से उचित प्रयास करने का भी उन्होंने आग्रह किया। चर्चा के दौरान कोरबा में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर भी सुश्री सरोज पाण्डेय से उपस्थित कोरबा विकास समिति के संयोजक द्वय कमलेश यादव एवं राकेश श्रीवास्तव ने चर्चा की। उनके आग्रह पर सुश्री सरोज पाण्डेय ने शीघ्र ही केंद्रीय रेल मंत्री से समय लेकर कोरबा विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कोरबा प्रेस क्लब के संरक्षक कमलेश यादव, अध्यक्ष नौशाद खान, वरिष्ठ पत्रकार राकेश श्रीवास्तव, राजेश कुशवाहा, प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष राजकुमार शाह, सचिव दिनेश राज, कोषाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव, सहसचिव हरीश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य नवाब हुसैन, राजेश मिश्रा, आकाश शर्मा, मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति स्वर्णकार, पूर्व पार्षद विकास अग्रवाल, अर्जुन गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कसियाडीह के झांझ के पास रविवार रात लगभग 9 बजे एक रेल हादसे में अधेड़ की मौत हो गई। एनटीपीसी सीपत के लिए दीपका से कोयला परिवहन करने वाली रेल लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से ग्राम कसियाडीह निवासी फगुराम मरकाम उम्र 60 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक फगुराम किसी काम से हरदीबाजार आया था। काम पूरा करने के बाद वह अकेले ही पैदल अपने गांव कसियाडीह लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम झांझ के समीप एनटीपीसी सीपत के लिए दीपका से कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने के बाद उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल परिजनों व हरदीबाजार थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दफ्तर आधारित ऑनलाइन उपस्थिति पर पटवारी संघ ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के द्वारा सभी शासकीय विभागों के लिए लागू की गई कार्यालय आधारित ऑनलाइन उपस्थिति पर जिला पटवारी संघ ने आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे पटवारियों के कार्य के प्रकृति के विरुद्ध बताया है। संघ का कहना है कि पटवारियों के कार्य मैदानी क्षेत्र होने के कारण प्रशासन के अन्य विभागों के कार्यों से बिलकुल अलग है। दफ्तर में उपस्थिति दर्ज कराने की स्थिति पर तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में संघ के द्वारा इस संबंध में बताया गया है कि पटवारियों का कार्य पूर्णतः मैदानी भ्रमणशील और जनसपंर्क आधारित होता है एवं कार्य प्रणाली भी सामान्य कार्यालयीन कर्मचारी से पूर्णतः अलग होने के साथ उनका अधिकांश समय पटवारी हल्का के क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में किसानों और अन्य स्थानीय लोगों के बीच गुजरता है साथ ही प्रशासन के अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए राजस्व कार्यों का निष्पादन करना होता है। इनमें फौती बटवारा, सीमांकन, नक्शा नवीनीकरण प्रतिवेदन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल रहते हैं और इसके लिए उन्हें मैदानी क्षेत्र में घूमना पड़ता है। जनसुनवाई, सड़क हादसे एवं अतिवृष्टि जैसे कार्यों का संरक्षण भी हल्का पटवारी के द्वारा किया जाता है। ऐसी स्थिति में दफ्तर आधारित आनलाइन उपस्थिति में व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना पड़ेगा।


**खास बातें**
- संघ ने कहा पटवारियों का कार्य मैदानी क्षेत्र का उपस्थिति देने पर ओगी तकनीकी समस्या
- अन्य विभागों के कार्यों से अलग है हल्का पटवारी के कार्य

### विभिन्न पुरस्कारों के लिए आवेदन 5 अगस्त तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 5 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। राज्य खेल अलंकरण अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है ।

# हाथ में तलवार लेकर दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मानिकपुर क्षेत्र में एक युवक द्वारा पिछले कुछ दिनों से तलवार लेकर लोगों डराया धमकाया जा रहा था। सूचना पर पुलिस की टीम ने दबिश दी और युवक को धारदार हथियार के साथ धरदबोचा। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

मानिकपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मुड़ापार बस्ती निवासी प्रेम कुमार साहू (उम्र 19 वर्ष) घर के सामने हाथ में धारदार तलवार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है तथा क्षेत्र में भय का वातावरण बना रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से धारदार लोहे की तलवार बरामद हुई, जिसे जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351(3) भारतीय न्याय संहिता एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने पर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

प्रारूप-37
(नियम 61(3)देखिये)
मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना
(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जायेगी।)
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी जांजगीर-चाम्पा प.क्र.1382 तारीख 14/07/2026
श्री / श्रीमती / कुमारी SHRI DINESH KUMAR S/O MAHESH RAM 190 WARD NO. 13 DARRIPARA GOBRA DIST. JANJGIR-CHAMPA (C.G.) PIN 495668 MO NO. 7773020000 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि BANDHAN BANK LTD. (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG11BL-9667 है. कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र देने से इंकार कर दिया है। 2. आप फरार हो गये है।
उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है। अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा।
पंजीकरण की प्राधिकारी
जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

छत्तीसगढ़ शासन में VTP पंजीयन क्रमांक 223793647P003
प्रवेश प्रारंभ पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
विगत 10 वर्षों से संचालित जॉजगीर चांपा जिले का एकमात्र संस्था
(NSDC/SDMS C.N. 69240)
नि-शुल्क पाठ्यक्रम (Free Courses): जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एड
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम / योग्यता 10वीं एवं 12वीं / हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब मे कार्यरत विद्यार्थियों के लिए पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
कोर्सेस
- DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
- OT - टेक्नीशियन पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन असिस्टेंट
- X-RAY टेक्नीशियन
आकाश एजुकेशनल एकेडमी पताः रजनीश बुक डिपो के सामने, तिवारी कॉम्प्लेक्स, केरा रोड जॉजगीर मो. 8770638375, 9399743304

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



# पांच महीने बाद चुपके से अरिजीत ने किया कमबैक

**मुंबई।** बॉलीवुड की कुछ चुनिंदा आवाजे ऐसी हैं जिन्हें सुनने के लिए फैन्स हमेशा बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन, जैसे ही उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कहा, फ़ैन्स की उम्मीदें डूबने लगीं। अब एक प्लेबैक सिंगर ने चुपके से अपना रिटायरमेंट प्लान कैंसिल कर दिया है और करीब 5 महीने बाद बॉलीवुड में वापसी की है। सिंगर अरिजीत का यह कमबैक फैंन्स को सरप्राइज करने के साथ-साथ खुश भी करने वाला है। अरिजीत सिंह ने 27 जनवरी को अपने रिटायरमेंट की घोषणा की थी। खबरों के मुताबिक, यह मशहूर सिंगर इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म 'आवारापन 2' के लिए प्लेबैक सिंगिंग में लौट आए हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## पहली बार पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब


एजेंसी ▶▶| मुंबई

जयपुर में आयोजित मिस टीन दिवा 2026 के फिनाले में मेघालय की ऐश्वर्या मलंग को 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज पहनाया गया है। यह पहली बार है कि पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब दिया गया है। 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज मेघालय की ऐश्वर्या मलंग के सिर सजा है।

ऐश्वर्या मलंग यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली नॉर्थ ईस्ट से पहली प्रतिभागी हैं। बता दें कि मिस टीन दिवा 2026 का ग्रैंड फिनाले जयपुर में आयोजित हुआ था। इस जीत के साथ ऐश्वर्या 'मिस टीन अर्थ' के इंटरनेशनल स्टेज पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऐश्वर्या के अलावा स्निग्धा भुयान मिस टीन ग्रैंड इंडिया 2026 और प्रासुसी मिस टीन यूनिवर्स इंडिया 2026 बनी हैं। मिस टीन अर्थ इंडिया 2026 विनर ऐश्वर्या मलंग का कहना है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी'। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। मैं लोगों से बस यही कहूंगी, अगर आप कुछ करना चाहते हैं तो इसके लिए आगे बढें। कोई आपको नहीं रोक सकता। जो अच्छा लगे, वह करो'। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' की विजेता ऐश्वर्या मलंग ने कहा है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से नेशनल लेवल पर मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी और अब जब मैं जीत गई हूं, तो मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा, क्योंकि मुझे दो बार नीट की परीक्षा देनी थी।



हॉलीवुड मसाला



# टॉम की डिगर का नया वीडियो जारी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की अपकमिंग फिल्म 'डिगर' के मेकर्स ने एक नया प्रमोशनल वीडियो जारी किया है। इसमें एक्टर अपने किरदार डिगर रॉकवेल के रूप में नजर आ रहे हैं। यह वीडियो न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के क्लोजिंग सेरेमनी में क्रूज के शामिल होने से पहले आया है। शेयर किए गए इस वीडियो में क्रूज डिगर रॉकवेल के रूप में दिखते हैं और फुटबॉल के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे पेले, डिएगो माराडोना, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी का जिक्र करते हुए एक पैगाम देते हैं।




# स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे 30 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** दुनिया भर के स्पाइडर-मैन फैंस के लिए खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड की अगली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। डायरेक्टर डेस्टिन डेनियल क्रेटन की ये फिल्म पीटर पार्कर की जिंदगी में एक ब्रांड न्यू चैप्टर ला रही है। दुनिया पीटर को भूल चुकी है, लेकिन वह अकेले न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पाइडर-मैन बनकर अपराध से लड़ रहा है। नया दुश्मन भी सामने आ चुका है। स्पाइडर-मैन मारवल का वो सुपरहीरो है जिसकी दीवानगी दुनिया भर में है। फिल्म में टॉम हॉलैंड पीटर पार्कर/स्पाइडर-मैन की भूमिका में वापसी कर रहे हैं। जेंडाया एमजे के रूप में नजर आएंगी। जैकब बटालोन नेड लीड्स बनेंगे. सैडी सिंक (स्ट्रेंजर थिंग्स) की भूमिका को लेकर काफी चर्चा है।



# मां अनुराधा की विरासत संभाल रहीं कविता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की सुरम्य आवाजों और मशहूर भजन गायिका अनुराधा पौडवाल की विरासत को आगे बढ़ा रहीं उनकी बेटी कविता पौडवाल इन दिनों अपनी एक नई पहल से काफी चर्चा में हैं। अपनी मां के दिखाए रास्ते पर चलते हुए कविता भक्ति संगीत की दुनिया में एक बड़ा नाम बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में कविता ने अपने निजी जीवन के दुखद दौर, मां से मिली सीख, और युवाओं के लिए उनके खास प्रोजेक्ट्स पर खुलकर बात की। कविता पौडवाल इन दिनों भारत समेत कई देशों में कीर्तन क्लबिंग के जरिए युवाओं को भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से जोड़ रही हैं। इस कॉन्सर्ट फॉर्मेट को दुनिया भर में शानदार रिस्पांस मिल रहा है। कविता ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ना चाहती है।



# प्रकाश की जनादेश को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** तुषार कपूर अपनी आने वाली नई फिल्म 'जनादेश' को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म की खास बात यह है कि तुषार पहली बार मशहूर निर्देशक प्रकाश झा के साथ काम कर रहे हैं। तुषार के करियर की यह पहली पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे होने पर तुषार कपूर ने अपनी नई फिल्म 'जनादेश' के बारे में खुलकर बात की। तुषार ने कहा, 'फिल्म 'जनादेश' देश के राजनीतिक माहौल पर बनी एक गंभीर और गहरा असर छोड़ने वाली कहानी है।' तुषार ने आगे कहा, 'हालांकि, यह फिल्म आज के समाज का आईना है। प्रकाश झा जैसे बेहतरीन डायरेक्टर के साथ काम करना और ऐसा दिलचस्प किरदार निभाना मेरे लिए बिल्कुल नया और अनोखा अनुभव है।' फिल्म 'जनादेश' के निर्देशक प्रकाश झा हैं।

टीवी मसाला



# सलमान से लेकर गांगुली तक ये सितारे होंगे बिग बॉस के होस्ट

**नई दिल्ली।** कई वर्षों से शो 'बिग बॉस' हिंदी दर्शकों का पसंदीदा रहा है। इसे अक्सर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने होस्ट करते रहे हैं। अब इसके नए सीजन की घोषणा हुई है। सलमान खान 'बिग बॉस 20' के होस्ट के तौर पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। यह रियलिटी शो भारत भर में अपने छठे सीजन के लिए तैयार हो रहा है। सलमान के साथ होस्ट की लिस्ट में विजय सेतुपति (तमिल), नागार्जुन (तेलुगु), किच्चा सुदीपा (कन्नड़) और मोहनलाल (मलयालम) शामिल हैं। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली बांग्ला सीजन के होस्ट के तौर पर डेब्यू करेंगे। पहली बार 'बिग बॉस' के हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला सीजन एक साथ सितंबर में शुरू होंगे। इस खास मौके पर जियो स्टार ने 'इंडियाज बिग रियलिटी' नाम की एक कॉफी-टेबल बुक लॉन्च की है। यह किताब पिछले दो दशकों में इस रियलिटी शो के सफर और इसके कल्चरल असर को दिखाती है। 2025 में यह शो 500 मिलियन से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचा। इसने 438 बिलियन से ज्यादा व्यूइंग मिनट्स हासिल किए। अपने छह भाषाओं के सीजन में दर्शकों की भागीदारी में साल-दर-साल 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। इस कामयाबी पर बयान देते हुए टीवी एंटरटेनमेंट सेल्स के हेड महेश शेट्टी ने कहा 'पिछले दो दशकों में, बिग बॉस ने लगातार खुद को नए सिरे से पेश किया है। यह फेस्टिव सीजन हमारे लिए अब तक का सबसे बड़ा मील का पत्थर है। यह शो का अब तक का सबसे बड़ा सेलिब्रेशन बन गया है।' 'बिग बॉस' के छह सीजन सितंबर 2026 से जियो स्टार टेलीविजन नेटवर्क पर शुरू होंगे।

## लॉकअप 2 में किसिंग पर हुई कंट्रोवर्सी!

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप' का दूसरा सीजन चल रहा है। इसमें खूब ड्रामा और लड़ाई-झगड़े देखने को मिल रहे हैं। हालिया एपिसोड में श्रेया कालरा का गुस्सा राम कपूर पर फूटा है। अभिनेता के बार-बार किस करने पर वे बुरी तरह झल्ला गई हैं। दरअसल, 'लॉकअप 2' में राम कपूर ने श्रेया कालरा को किस किया था। इससे श्रेया काफी असहज हो गई थीं। हालांकि, उस वक्त उन्होंने कुछ कहा नहीं था। मगर, अब हाल ही में उन्होंने सवाल उठाया है। 'लॉकअप 2' में बीते हफ्ते देखने को मिला था कि राम कपूर और श्रेया कालरा ने साथ में गेम खेला। इस दौरान श्रेया बतौर कंट्रोलर खेलीं। वहीं, राम कपूर उनके डिपेंडेंट बने। इस दौरान राम को एविक्शन से बचाने के लिए टास्क में श्रेया जीतीं। टास्क जीतने के बाद राम कपूर इतने उत्साहित हो गए कि उन्होंने श्रेया को किस किया। एक्टर ने श्रेया को माथे पर और गाल पर कई बार किस की, जिससे श्रेया काफी असहज हो गई थीं।



# पायलें चुनमुन... गाने वाली इस सिंगर के नाम हैं छह नेशनल अवॉर्ड, बेटी की मौत ने दिया था सदमा

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के म्यूजिक को आगे ले जाने में महिला सिंगर्स की अहम भूमिका रही है। जब भी टॉप सिंगर्स का जिक्र होता है तो लता मंगेशकर, आशा भोसले, गीता दत्त, सुमन कल्याणपुरी, अल्का याग्निक, अनुराधा पौडवाल का नाम सबसे ऊपर आता है। लेकिन एक ऐसी भी सिंगर हुई हैं जिन्होंने हिंदी फिल्मों के लिए गाना गाने से पहले ही अपने नाम 3 नेशनल अवॉर्ड किए हुए थे। बाद में इन नेशनल अवॉर्ड की संख्या 3 से बढ़कर 6 हो गई। इस महिला सिंगर का नाम है केएस चित्रा।*



## डेब्यू से पहले नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी थीं

केएस चित्रा सालों से गायिकी कर रही हैं। हिंदी फिल्मों में अपने सिंगिंग डेब्यू से पहले साउथ फिल्मों में गाना गाने के लिए उन्होंने 3 नेशनल अवॉर्ड अपने नाम कर लिए थे। 1985 में उन्हें हिंदी फिल्मों में मौका मिला, लेकिन बड़ी पहचान नहीं। लेकिन फिर फिल्म लव में गाए उनके एक गाने ने हिंदी ऑडियंस को भी उनका फैन बना दिया।

***अनिल और तब्बू ने निभाया लीड रोल*** : विरासत में अनिल कपूर और तब्बू ने लीड रोल निभाया था। गाना 'पायलें चुनमुन चुनमुन' तब्बू पर फिल्माया गया जो जबरदस्त हिट हुआ। फिल्म में गाना बिना किसी म्यूजिक के शुरू होता है और ऐसा लगता है जैसे सिंगर चित्रा की आवाज गानों में घुल गई है। चित्रा की ही आवाज में फिल्म क्रिमिनल का गाना 'तुम मिले दिल खिले' भी खूब हिट हुआ था।

## इन गानों ने हिंदी फिल्मों में दिलाई पहचान

1991 में सलमान खान और रेवती की फिल्म लव आई थी। इस फिल्म में एक गाना था 'साथिया तूने क्या किया'। ये गाना सलमान के लिए एसपी बालासुब्रमण्यम ने गाया था और रेवती की आवाज बनीं थीं चित्रा। इसके बाद फिल्म रोजा में सिंगर ने एआर रहमान के बने संगीत में गाना गया 'ये हसीं वादियां' गाया। इसके बाद फिल्म बॉम्बे का गाना 'कहना ही क्या' और 1997 में आई फिल्म विरासत के गाने 'पायलें चुनमुन चुनमुन' के लिए चित्रा ने अपने जीवन का चौथा और पांचवा नेशनल अवॉर्ड जीता।

**बेटी की हुई मौत** : सिंगर चित्रा की जिंदगी में सब कुछ ठीक चल रहा था। फिर कुछ ऐसा हुआ जब उनकी दुनिया ही बदल गई। चित्रा की इकलौती बेटी की एक हादसे में मौत हो गई। साल 2011 की बात है, जब चित्रा अपने परिवार के साथ दुबई के एक होटल में रुकी हुई थीं। उस समय सिंगर एआर रहमान के कॉन्सर्ट में परफॉर्म करने के लिए दुबई पहुंची थीं। इस दौरान होटल के स्विमिंग पुल में डूबने की वजह से उनकी 8 साल की बेटी नंदना का निधन हो गया था। इस सदमे ने सिंगर को अंदर तक तोड़ दिया था, लेकिन संगीत ने उन्हें हिम्मत दी और वो वापसी कर पाई।

# छत्रपति शिवाजी महाराज में दिखेगा हॉलीवुड लेवल का एक्शन

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता संदीप सिंह अपनी आने वाली बड़ी ऐतिहासिक फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाते नजर आएंगे. अब इस फिल्म को और खास बनाने के लिए निर्माताओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक्शन टीम को शामिल किया है, जो फिल्म के युद्ध और एक्शन दृश्यों को शानदार बनाने पर काम करेगी. फिल्म के लिए मशहूर स्टंटमैन मार्क हेंसन को बुलाया गया है, जो गेम ऑफ थ्रोन्स, वाइकिंग्स, द विचर और ग्रेविटी जैसे चर्चित अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

***हॉलीवुड स्टंटमैन*** : मार्क हेंसन फिल्म में बड़े स्तर के वॉर सीन्स को तैयार करने की जिम्मेदारी संभालेंगे। मार्क हेंसन के अलावा इस स्टंट टीम में व्लाद रिमबर्ग भी शामिल हैं, जिन्होंने द फेट ऑफ द फ्यूरियस, ब्लडशॉट और लूसिफर जैसे प्रोजेक्ट्स में काम किया है। वहीं, इस टीम को और मजबूत बनाते हुए क्रेग मैकरे भी जुड़े हैं, जिनका अंतरराष्ट्रीय अनुभव 'ट्रॉयः फॉल ऑफ अ सिटी' जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स तक फैला हुआ है।



## 500 करोड़ का बजट

निर्माताओं की ओर से जारी बयान के अनुसार, फिल्म का मकसद मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व क्षमता और सैन्य कौशल को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करना है। फिल्म को इस तरह बनाने की तैयारी है कि यह भारत के साथ-साथ दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंच सके.'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को करीब 500 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनाया जा रहा है।

## मुसाफिर कैफे से आदर्श बाल विद्यालय तक...

# इस वीक ओटीटी पर रहेगी बहार, रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में धमाल 4 से लेकर वेलकम टू द जंगल और हॉलीवुड फिल्म द ओडिसी लगी हैं। वहीं, इस हफ्ते द इंडिया स्टोरी से लेकर दुल्हनिया ले आएगी तक नई फिल्में भी थिएटर्स में रिलीज होंगी। इस बीच ओटीटी पर भी इस वीक कई अच्छे विकल्प मौजूद होंगे।*

## मुसाफिर कैफे

विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगी। यह सीरीज चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) और प्रीति (महिमा मकवाना) के इर्द-गिर्द है। यह रोमांटिक सीरीज 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है।

## आदर्श बाल विद्यालय

हिमांक गौर के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' भी इस वीक की लिस्ट में हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। सात एपिसोड वाली सीरीज 24 जुलाई से भारत और दुनिया भर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी सबटाइटल के साथ स्ट्रीम होगी।



## पल्लीचट्टंबी

टोविनो थॉमस और कायाडू लोहार की मलयालम भाषा की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म पल्लीचट्टंबी भी ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 15 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 24 जुलाई से इसे सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा।

## ब्लीच-थाउजेंड-ईयर ब्लड वॉर

यह सीरीज 25 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस शो की पूरी कहानी सोल रीपर्स और क्विंसी साम्राज्य की आपसी दुश्मनी के इर्द-गिर्द घूमती है।

## स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स

स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स भी 24 जुलाई से ओटीटी पर आ रही है। यह द बिग बैंग थ्योरी के स्पिन-ऑफ के रूप में बनी साइंस-फिक्शन कॉमेडी सीरीज है, जिसके 10 एपिसोड्स हैं। इसमें स्टुअर्ट ब्लूम (केविन सुसमन) को एक बहु-ब्रह्मांडीय संकट से दुनिया को बचाना है। यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## रैनसम कैन्यन सीजन 2

यह रोमांटिक वेस्टर्न ड्रामा सीरीज है। सीरीज का यह दूसरा सीजन है, जिसमें आठ एपिसोड होंगे। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 23 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

**द डेट कलेक्टर** : नादेच कुगिमिया और दाओ पिट्टाया साएचुअ की मुख्य भूमिका वाली थाई फिल्म 'द डेट कलेक्टर' भी इस वीक आएगी। यह ऐसे शख्स की कहानी है, जो पहले अंडरग्राउंड डेट कलेक्टर था और अब लाइलाज बीमारी से जूझ रहा है। यह एक्शन फिल्म 23 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर आएगी।

## 72 आवर्स

यह एक अमेरिकी कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन टिम स्टोरी ने किया है। इसमें केविन हार्ट लीड रोल में हैं। उनके अलावा मार्सेलो हर्नांडिज, मेसन गुडिंग, कैम पैटरसन, बेन मार्शल सहित कई और सितारे भी हैं। यह फिल्म 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## द डिंक

यह एक स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म है, जो पिकलबॉल खेल पर बेस्ड है। इसमें एक असफल टेनिस खिलाड़ी (जेक जॉनसन) अपने पिता के कंट्री क्लब को बचाने और उनका सम्मान पाने के लिए इच्छा न होने पर भी पिकलबॉल खेलता है। यह फिल्म 24 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ पाठ्यपुस्तक वितरण, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**कोसमंदा।** सरस्वती शिशु मंदिर कोसमंदा में सोमवार को नव शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कोसमंदा के सरपंच संजय रत्नाकर ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राम कुमार श्यामकर संकुल समन्वयक, कोसमंदा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष बद्री प्रसाद राठौर ने की। अतिथि के रूप में रामाधार राठौर, उत्तम कौशिक एवं हरीश राठौर भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि संजय रत्नाकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को बद्री प्रसाद राठौर ने भी संबोधित किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। साथ ही कक्षा पांचवीं एवं कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य हीराराम सूर्यवंशी ने किया। इस अवसर पर श्रीमती आरती यादव, कुमारी मालती यादव, केशव कुमार कौशिक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### बाराद्वार राइस मिल एसोसिएशन का हुआ गठन, अभिकेश बसंल बने अध्यक्ष



**बाराद्वार।** बाराद्वार राइस मिल एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक का में नये अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें सभी मिलर्स ने सर्वसम्मति से अभिकेश बंसल को बाराद्वार राइस मिल एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष मुकेश बंसल और सूर्य प्रकाश बनाफर को चुना गया। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। सचिव अजय सिंघल, सह सचिव दर्शन केडिया, कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी रितेश जिंदल को दी गई। कार्यकारिणी सदस्य में सुनील जिंदल, मोहन जिंदल, सुमित अग्रवाल, आशीष जिंदल, राहुल जिंदल,विवेक जिंदल, कृष्ण अग्रवाल, आर्यन अग्रवाल सदस्य को चुना गया। बाराद्वार राइस मिल एसोसिएशन के नए संरक्षणगण में दिलीप झुनझुनवाला, गिरवर अग्रवाल, सतीश जिंदल, गौरी शंकर अग्रवाल और शैलेश शर्मा को चुना गया। अभिकेश बंसल को नए अध्यक्ष चुने जाने के बाद राइस मिल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा और चेंबर ऑफ कॉमर्स, व्यापारी संगठन एवं अन्य संगठनों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### राजलक्ष्मी केशरवानी बनीं मिस छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान हासिल कर बढ़ाया नगर का गौरव



**शिवरीनारायण।** बिलासपुर में न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित मिस छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता में शिवरीनारायण की बेटी राजलक्ष्मी केशरवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व के दम पर निर्णायकों का दिल जीत लिया। बिलासपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता राजलक्ष्मी केशरवानी को मिस छत्तीसगढ़ का ताज पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) एवं पांच हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस वर्ष प्रतियोगिता की विशेष थीम पुरानी फिल्म अभिनेत्रियों के लुक एवं स्टाइल पर आधारित थी प्रतिभागियों ने अपने अभिनय,व्यक्तित्व वेशभूषा और मंच संचालन के माध्यम से पुराने सिनेमा की झलक प्रस्तुत की। राजलक्ष्मी केशरवानी ने अपने आत्मविश्वास प्रभावशाली प्रस्तुति और आकर्षक व्यक्तित्व से सभी को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान अपने नाम किया। राजलक्ष्मी केवल सौंदर्य प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं हैं,बल्कि वे एक अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं। वे समय-समय पर देश एवं विदेश के विभिन्न मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय नृत्य की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही हैं।

जिला पंचायत सीईओ ने किया पीडीएस भवन, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, प्रधानमंत्री आवास, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का किया निरीक्षण

# विकास कार्यों में गुणवत्ता से न करें समझौता निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं : पोयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में ग्रामीण विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम ने बम्हनीडीह विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, पीडीएस भवन, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, महतारी सदन, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के कार्यों का जायजा लेते हुए गुणवत्ता, समयबद्धता और योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से चर्चा करते जिला पंचायत सीईओ एवं उपस्थित अधिकारी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विनय कुमार पोयाम ने मंगलवार 21 जुलाई को विकासखंड बम्हनीडीह के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीडीएस भवन, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, महतारी सदन, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सोंठी में निर्माणाधीन पीडीएस भवन का अवलोकन करते हुए उन्होंने गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने तथा सूचना पटल पर योजना से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री पोयाम ने ग्राम पंचायत अफरीद में संचालित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण करते हुए केंद्र के नियमित संचालन के लिए आवश्यक कर्मचारी की शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह केंद्र ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए इसका नियमित एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महतारी सदन का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ग्राम पंचायत बिर्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन एवं अपूर्ण आवासों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्य तत्काल प्रारंभ कराने तथा हितग्राहियों को प्रोत्साहित कर समय-सीमा में आवास पूर्ण कराने के कहा। उन्होंने निर्माण के प्रत्येक चरण का समय पर जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने तथा हितग्राहियों को समय पर किस्त की राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत बंसुला में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट तथा पौड़ीशंकर में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण करते हुए कहा कि यूनिट तैयार होने के बाद इसके सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण की जाएं। उन्होंने घर-घर से प्लास्टिक कचरे का संग्रहण कर उसका वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बम्हनीडीह, एसडीओ आरईएस, सहायक अभियंता पीएमएवाई-जी, कार्यक्रम अधिकारी विकसित भारत जी राम जी, तकनीकी सहायक पीएमएवाई-जी एवं विकसित भारत-जीरामजी, ग्राम पंचायतों के सचिव, सरपंच सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिजिटल फसल सर्वेक्षण के माध्यम से फसलों का किया जाएगा वास्तविक एवं सटीक आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती




■ डिजिटल फसल सर्वेक्षण हेतु प्रशिक्षण आयोजित

खरीफ वर्ष के लिए प्रस्तावित डिजिटल फसल सर्वेक्षण (डीसीएस) के सफल एवं समयबद्ध संचालन हेतु अपर कलेक्टर बालेश्वर राम की अध्यक्षता में मंगलवार 21 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल फसल सर्वेक्षण के संबंध में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, समय-सीमा एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि खरीफ वर्ष के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य 17 अगस्त से प्रारंभ होकर 30 सितंबर तक संचालित किया जाएगा तथा निर्धारित अवधि में किसी प्रकार की समय वृद्धि नहीं की जाएगी।अपर कलेक्टर बालेश्वर राम ने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से फसलों का वास्तविक एवं सटीक आंकलन किया जाएगा। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सर्वेक्षण कार्य को पूरी गंभीरता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य का नियमित पर्यवेक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों से संबंधित आंकड़े त्रुटिरहित रूप से दर्ज हो सकें। प्रशिक्षण में बताया गया कि डिजिटल फसल सर्वेक्षणकर्ताओं का चयन तहसीलदारों के माध्यम से किया जाएगा तथा चयनित सर्वेक्षणकर्ताओं को 21 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सर्वेक्षणकर्ताओं के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, एंड्रॉयड मोबाइल (वर्जन 9 या उससे अधिक), इंटरनेट सुविधा, आधार नंबर एवं बैंक खाता होना अनिवार्य है। सर्वेक्षणकर्ताओं की आयु 18 वर्ष से अधिक होना आवश्यक होगा।बैठक में सर्वेक्षण कार्य के आवंटन, लॉगिन आईडी निर्माण, सत्यापन प्रक्रिया, मानदेय भुगतान एवं निगरानी व्यवस्था सहित विभिन्न तकनीकी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए आवश्यक तैयारियां समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

## छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष ने निस्तारी नालों के सीमांकन करने की मांग




**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम का अध्यक्ष सौरभ सिंह के द्वारा जिला प्रशासन से निस्तारी नालों के सीमांकन की मांग की गई है। विदित हो कि दो दिनों पूर्व लगातार बारिश के बाद नगर के महावीर राइस मिल में जल भराव के बाद राइस मिल संचालक के द्वारा स्टेट हाईवे की खुदाई कर दी गई थी जिसके चलते नगर में 5 घंटे तक आवागमन अवरुद्ध हुआ था। स्टेट हाईवे की बिना अनुमति खुदाई करने पर राइस मिल संचालक के विरुद्ध अकलतरा थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। इस प्रकरण में यह बात निकल कर आई है कि राइस मिल संचालक के द्वारा निस्तारी नाले पर अतिक्रमण के चलते नाले के पानी का राइस मिल में भराव हुआ था। घटना के बाद सौरभ सिंह के द्वारा जिला प्रशासन से क्षेत्र के निस्तारी नालों पर हुए अतिक्रमण की जांच एवं सीमांकन कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस पूरे प्रकरण के पीछे सबसे बड़ा कारण वर्षों पुराने निस्तारी नालों पर हुआ अतिक्रमण है। समय के साथ कई स्थानों पर व्यापारियों द्वारा नालों पर बेजा कब्जा कर लिया गया, जिससे मानसून के पानी की प्राकृतिक निकासी बाधित हो गई और ऐसी स्थिति निर्मित हुई।यदि इन निस्तारी नालों का विधिवत सीमांकन कर दिया जाए, तो नालों पर हुए बेजा कब्जे हटाए जा सकेंगे और पानी की निकासी पहले की तरह सुचारु रूप से होने लगेगी।मैंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि बारिश कम होने के बाद उन सभी पुराने निस्तारी नालों का सीमांकन कराया जाए, जिनसे वर्षों से मानसून के पानी की निकासी होती रही है। जिला प्रशासन ने इस पर सहमति भी दी है। सीमांकन का उद्देश्य नालों पर हुए बेजा कब्जे हटाना है, ताकि वर्षा जल की निकासी निर्बाध रूप से हो सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# पुण्य तिथि के अवसर पर शिद्दत से याद किए जाएंगे स्व. बीडी महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

अविभाजित म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री तथा क्षेत्र के मूर्धन्य जननेता स्व. बिसाहू दास महंत की 48 वीं पुण्यतिथि गुरुवार 23 जुलाई को परंपरानुसार मनाई जावेगी। इस अवसर पर बिसाहूदास महंत स्मृति समिति चांपा के तत्वाधान में सुबह 11.30 बजे बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सालय तथा 12 बजे हनुमानधारा स्थित बिसाहूदास महंत इण्डोर स्टेडियम में स्व. महंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थितजन समूह द्वारा भावनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में स्व. महंत के ज्येष्ठ पुत्र एवं छग विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत, ज्येष्ठ पुत्रवधू तथा कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, उनके कनिष्ठ पुत्र राजेश महंत, उनकी कनिष्ठ पुत्रवधू श्रीमती श्रद्धा महंत तथा पौत्र सूरज महंत विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्र के लोकप्रिय जननेता, अजात शत्रु के नाम से विख्यात म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री स्व. बिसाहू दास महंत की 48 वीं पुण्यतिथि गुरुवार 23 जुलाई को परंपरानुसार मनाई जावेगी। इस अवसर पर सुबह 11.30 बजे बिसाहू दास महंत शासकीय नागरिक चिकित्सालय चांपा में स्व. महंत की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी जावेगी। कार्यक्रम में स्व. महंत के ज्येष्ठ पुत्र एवं छग विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत, ज्येष्ठ पुत्रवधू कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, उनके कनिष्ठ पुत्र राजेश महंत, उनकी कनिष्ठ पुत्रवधू श्रीमती श्रद्धा महंत तथा पौत्र सूरज महंत विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। इसके बाद सुबह 12 बजे हनुमानधारा स्थित बिसाहूदास महंत इण्डोर स्टेडियम में स्व. महंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थितजन समूह द्वारा भावनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस मौके पर नगर एवं अंचल के अनेक गणमान्य नागरिक और सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता उपस्थित होकर जननेता स्व. बी.डी. महंत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं ब्रेड का वितरण किया जावेगा। स्व. बी.डी महंत स्मृति समिति ने नगर एवं अंचल के लोगों से बिसाहूदास महंत चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर अंचल के लोकप्रिय जननेता को श्रद्धा सुमन अर्पित करने की अपील की है।



**खास बात**

■ अस्पताल में भर्ती मरीजों को किया जावेगा फल एवं ब्रेड का वितरण


### 48 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, फल वितरण, स्वास्थ्य शिविर और सेवानिवृत्त शिक्षकों का होगा सम्मान

**सक्ती।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जननायक स्व. बिसाहू दास महंत की 48 वी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति 23 जुलाई को मातृ शिशु अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती में सुबह 9:30 बजे श्रद्धांजलि एवं फल वितरण तथा सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में स्वर्गीय महंत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का पुण्य स्मरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा एवं मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर सेवा निवृत्त शिक्षकों को नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक कचहरी परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक अधिवक्ता राकेश महंत ने लोगों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# सभी एकजुट होकर नगर विकास का करें कार्य : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद

■ नगर पंचायत राहौद में नव- नियुक्त एल्डरमैन को एसडीएम ने दिलाई शपथ




नगर पंचायत राहौद के नव नियुक्त एल्डरमैन ने मंगलवार 21 जुलाई को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े शामिल हुए। एसडीएम पामगढ़ आरके तंबोली ने तीनों नव नियुक्त एल्डरमैन धीरेन्द्र नाथ योगी, ममता सिंह ठाकुर एवं प्रवेश अग्रवाल को एक- एक कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया।

तत्पश्चात शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने नगर पंचायत में अपने प्रतिनिधि के रूप में एल्डरमैन की नियुक्ति किया है, सभी को एकजुट होकर नगर का विकास करना है। वहीं नगर पंचायत राहौद के अध्यक्ष प्रतिभा कश्यप ने कहा अब परिषद् में नगर के विकास के लिए निर्णय लेना आसान होगा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू,जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मानेस जांगड़े, रुपचंद साहू जनपद उपाध्यक्ष पामगढ़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर,गयाराम चंदेल उपाध्यक्ष नपं राहौद ,पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष परम कुर्रे , विधायक प्रतिनिधि प्रहलाद देवांगन, प्रदेश कोषाध्यक्ष गुरू दयाल पाटले, महामंत्री मनोहर शास्त्री, सभापति जनपद पंचायत, महेश श्रीवास, रामविलास खुंटे, ऋषभ नाथ योगी, पार्षद अमित अनंत, राजेश यादव, योगेश देवांगन, अवंतिका गुप्ता, कुसुम केंवट, कीर्ति सोनी, भवानी चंदेल, सीएमओ भगवती प्रसाद ध्रुव, उप अभियंता मुकेश कोर्राम, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। एल्डरमैन शपथ ग्रहण समारोह के आमंत्रण कार्ड में पामगढ़ विधायक का नाम नहीं होने पर विधायक प्रतिनिधि प्रहलाद देवांगन ने नगर पंचायत पर प्रोटोकॉल की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोंठी में शाला प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

■ संतोषी कंवर अध्यक्ष एवं संध्या केवट उपाध्यक्ष चुनी गईं शक्ति

सक्ती जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोंठी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पुनर्गठन हेतु एक विशेष बैठक का आयोजन मंगलवार 21 जुलाई को किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्रीमती संतोषी कंवर को अध्यक्ष एवं श्रीमती संध्या केवट को उपाध्यक्ष चुना गया।



बैठक में उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, पालकगण व ग्रामीण।

बैठक की शुरुआत प्रधान पाठक द्वारा शाला प्रबंधन समिति के नियमों, कर्तव्यों और अधिकारों की विस्तृत जानकारी देने के साथ हुई। उन्होंने बताया कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास, अध्यापन व्यवस्था में सुधार तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने में इस समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। निर्विरोध चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती संतोषी कंवर एवं उपाध्यक्ष संध्या केवट ने आश्वस्त किया कि वे विद्यालय में शैक्षणिक माहौल को और बेहतर बनाने, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने तथा शाला विकास कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। इस अवसर पर सरपंच राखी यादव शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष चेक राम साहू, प्रधान पाठक हीरानंद साहू, उपसरपंच मुकेश डेंसील, पंच राम अवतार साहू, गनपत टंडन, सावित्री देवांगन, सपना देवांगन, नीराबाई यादव, वरिष्ठ नागरिक पुरुषोत्तम देवांगन, रामकुवर साहू,फढ़ेंन्द्र पटेल,साहेब लाल पटेल वेदव्रत आर्य, शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामीण व छात्र-छात्राओं के पालक उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विधायक से सम्मानित होने के बाद अकलतरा आगमन पर राघवेन्द्र सिंह का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेन्द्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिलने के बाद प्रथम नगर आगमन पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह का भव्य स्वागत टोल नाका पर लैंचो फोरलेन चौक मिनीमाता चौक अग्रसेन चौक महाराणा प्रताप चौक अंबेडकर चौक आजाद चौक एवं शास्त्री चौक में किया गया। इस दौरान उन्होंने महाराणा प्रताप डॉ भीमराव अंबेडकर शहीद चंद्रशेखर आजाद ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके स्वागत एवं सम्मान में शास्त्री चौक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी लक्ष्मण मुकीम ने कहा कि विधायक राघवेन्द्र सिंह को सम्मानित किया जाना अकलतरा की जनता का सम्मान है। राघवेन्द्र सिंह पहली बार जीतकर विधायक बने हैं। यह सम्मान उनके काबिलियत को सिद्ध करती है। कांग्रेस नेत्री मंजू सिंह ने कहा कि विधायक राघवेन्द्र सिंह का सम्मान अकलतरा का सम्मान है । विपक्ष में रहते हुए अपने क्षेत्र के हित के लिए लड़ना ही उनकी विशेषता है और उन्होंने अपने क्षेत्र के लिए अपनी आवाज सदैव मुखर की है।

कार्यक्रम को पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष इमरान खान ने भी संबोधित किया। अपने सम्मान और प्यार से अभिभूत विधायक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं है बल्कि अकलतरा वासियों का सम्मान है क्योंकि आपने सही नेतृत्व चुनकर मुझे आगे बढ़ाया इसलिए मेरा कर्तव्य है कि इस क्षेत्र के लिए मैं ज्यादा से ज्यादा काम करुं। आज मुझे यह सम्मान मिला है तो मुझे अपने पिता एवं दादा जी और सभी अपने सम्मानीय पुरखो की याद आती है । मुझे गर्व होता है कि मेरे परिवार को पीढ़ी दर पीढ़ी को आपका स्नेह और सम्मान मिला। नगरपालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में देवेंद्र जैन, कन्हैया राठौर, अनिल सिंह सिसोदिया, भविष्य चंद्राकर, संतोष बैस , महेश्वर टंडन, मनोज अग्रवाल, राजू राठी, चैतराम साहू, प्रतिपाल सिंह, सौरभ बाबा, विजय खांडेल, हर्षवर्धन सिंह, अंकित सिसोदिया, अविनाश साहू,राजकुमार सिंह, जयदीप सिंह, पृथ्वी सिंह, जीतेन्द्र वर्मा, उत्तम पाटले सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

